नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Raipur Main - 01 Jun 2024 - 01p7
epaper.navabharat.news

बीएसई 75.71 ↑ 73,961.31

एनएसई 42.05 ↑ 22,530.70

नवभारत

कारोबार

navabharat.news

डॉलर ↓ ₹0.13 ₹83.42

सोना /10 ग्राम ↓ ₹74,600 100

चांदी /1 किग्रा ↓ ₹95,000 1100

रायपुर में 24 कैरेट की हाजिर दरें

10 साल में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज वसूले गए

वित्त मंत्री ने कहा, मोदी सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिये बैंकिंग क्षेत्र का किया कायापलट

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिये बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच यानी 10 साल में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के डूबे कर्ज की वसूली की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हाल ही में बैंकिंग क्षेत्र ने पहली बार 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का शुद्ध लाभ कमाया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारी सरकार ने व्यापक और दीर्घकालिक सुधारों के जरिये बैंकिंग क्षेत्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पापों का प्रायश्चित किया।

64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त

वित्त मंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, **प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है।** इसमें 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर, 2023 तक सरकारी बैंकों को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है।

डूबे ऋण की वसूली जारी, माफ नहीं किया किसी भी उद्योगपति का कर्ज

सीतारमण ने कहा, मोदी सरकार में डूबे कर्ज की वसूली जारी है। हमारी सरकार ने किसी भी उद्योगपति का कर्ज माफ नहीं किया है। **दुख की बात है कि विपक्षी नेता अब भी राइट ऑफ और माफी के बीच अंतर नहीं कर पा रहे हैं।**

- बैंकिंग क्षेत्र में कुप्रबंधन पर वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने फोन बैंकिंग के जरिये एनपीए संकट के बीज बोए थे। संप्रग नेताओं व पार्टी पदाधिकारियों के दबाव में अयोग्य कारोबारियों को कर्ज दिए गए।

लंदन से 100 टन सोना भारत लाया आरबीआई

केंद्रीय बैंक ने 1991 के बाद पहली बार अपने भंडार जमा किया इतना सोना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने ब्रिटेन से 100 टन से अधिक सोना देश में अपने भंडार में लाया है। साल 1991 के बाद यह पहला मौका है जब केंद्रीय बैंक ने अपने भंडार में इतना सोना जमा किया है। देश के भीतर सोना जमा करने के लॉजिस्टिक कारण हैं।

आंकड़ों के मुताबिक मार्च के अंत में आरबीआई के पास 822.1 टन सोना था। इसमें से 413.8 टन सोना आरबीआई ने विदेश में रखा है। पिछले वित्त वर्ष में आरबीआई ने भंडार में 27.5 टन सोना जोड़ा था। आजादी से पहले से ही बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास भारत का सोने का कुछ भंडार पड़ा है। एक अधिकारी ने बताया, आरबीआई ने कुछ साल पहले सोना खरीदना शुरू किया था।

आईएमएफ से 200 टन की हुई थी खरीद

इस बात की समीक्षा हो रही है कि सोने को कहां रखना है। चूंकि विदेशों में स्टॉक जमा हो रहा था, इसलिए कुछ सोना भारत लाने का फैसला किया गया। आरबीआई ने 15 साल पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 200 टन सोना खरीदा था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उसने खरीद के माध्यम से अपने स्वर्ण भंडार में लगातार वृद्धि की है।

न्यूज डायरी

टीआईएल पर 2.5 करोड़ रुपये का लगा जुर्माना

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और उसके तीन पूर्व अधिकारियों पर फर्जी खरीद-बिक्री में शामिल होने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला 2019-20 और 2020-21 के लिए बिक्री और राजस्व को बढ़ाकर दिखाने से संबंधित है। जुर्माने की रकम 45 दिनों में भरना होगा।

विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर से नीचे

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.027 अरब डॉलर घटकर 646.673 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह यह भंडार 4.549 अरब डॉलर बढ़कर 648.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। 24 मई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 1.51 अरब डॉलर घटी है।

अदाणी समूह का फायदा 30,000 करोड़ के पार

नई दिल्ली। अदाणी समूह को 2023-24 में 30,767 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। इसके साथ ही समूह का पूंजीकरण भी 200 अरब डॉलर के पार हो गया है। समूह पर 2.2 लाख करोड़ का शुद्ध कर्ज है। वह अगले एक दशक में 90 अरब डॉलर की निवेश योजना पर काम कर रहा है।

एनएसओ के आंकड़े...अर्थव्यवस्था के 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार

विनिर्माण और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन ने बढ़ाई जीडीपी की रफ्तार

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू जीडीपी की वृद्धि दर मजबूती के साथ 8.2 फीसदी पर पहुंच गई। इसकी प्रमुख वजह विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्र का शानदार प्रदर्शन है। मजबूत आर्थिक वृद्धि के दम पर अर्थव्यवस्था का आकार मार्च, 2024 अंत तक बढ़कर 3.5 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। अगले कुछ वर्षों में इसके 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 8.9 फीसदी पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 0.9 फीसदी रही थी। खनन खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 2.9 फीसदी से बढ़कर 4.3 फीसदी पहुंच गई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि भी 7.4 फीसदी से बढ़कर 8.7 फीसदी पहुंच गई। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 7.6 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी रह गई।

GROWTH
ECONOMY

3.5 लाख करोड़ डॉलर की हो गई जीडीपी मार्च, 2024 अंत तक

तीसरे कार्यकाल में भी वृद्धि जारी

जीडीपी का 2023-24 में 8.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ना उल्लेखनीय है। विकास की यह गति मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेगी। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 फीसदी की शानदार वृद्धि हुई, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। कई उच्च आवृत्ति वाले संकेतक बताते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। **-निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

सालाना वृद्धि में हम सबसे आगे

देश	वृद्धि दर
भारत	8.2%
चीन	4.6%
अमेरिका	2.7%
ब्राजील	2.2%
कनाडा	1.2%
जापान	0.9%
फ्रांस	0.7%
इटली	0.7%
यूके	0.5%

अर्थव्यवस्था का आकार : 295.36 लाख करोड़

वर्तमान मूल्य पर जीडीपी का आकार 2023-24 में बढ़कर 295.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह 2022-23 के 269.50 लाख करोड़ रुपये से 9.6 फीसदी ज्यादा है। वहीं, वास्तविक जीडीपी का आकार 2022-23 के 160.71 लाख करोड़ से बढ़कर 173.82 लाख करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है।

- **चौथी तिमाही में वर्तमान मूल्य पर जीडीपी का आकार 9.9 फीसदी बढ़कर 78.28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।** वास्तविक जीडीपी 7.8 फीसदी बढ़कर 47.24 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकती है।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह : 23.36 लाख करोड़ रुपये

महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं, सरकार का खर्च 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष में खर्च संशोधित अनुमान का 98.9 फीसदी रहा। राजस्व घाटा 2023-24 में जीडीपी का 2.6 फीसदी रहा।

डॉलर की तुलना में रुपये में 13 पैसे की गिरावट

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 13 पैसे कमजोर होकर 83.42 के स्तर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि तेल विपणन कंपनियों में डॉलर मांग बढ़ने से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। हालांकि, क्रूड की कीमतों में गिरावट से इसे कुछ समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.25 पर खुला। दिन में यह 83.23 से 83.49 के दायरे में रहा।

कॉरपोरेट्स विनिर्माण स्टार्टअप के लिए बनाएं इन्क्यूबेशन केंद्र

नई दिल्ली। सरकार ने टाटा, ह्युंडई और एपल सहित 100 से अधिक कॉरपोरेट्स के साथ-साथ यूनिकॉर्न से विनिर्माण क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की अपील की है। डीपीआईआईटी ने कॉरपोरेट्स इनक्यूबेशन व एक्सेलेरेशन पर कंपनियों के साथ हैंडबुक साझा की है।

उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, हमने 100 से अधिक कॉरपोरेट्स से अपने विनिर्माण इनक्यूबेटर रखने का अनुरोध किया है। हमारे पास इस जगह की कमी है और हमने लगभग 50 ऐसी इकाइयां बनाने का लक्ष्य लिया है। नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स ने पहले ही केंद्र स्थापित कर लिया है। अधिकारी ने कहा, एक मजबूत विनिर्माण नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। स्टार्टअप और उद्यमी घरेलू स्तर पर निर्माण और नवाचार करके वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित करने में भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न संस्थान जैसे शैक्षणिक और रिसर्च संस्थान इसमें भाग ले सकते हैं।

शैक्षणिक और रिसर्च संस्थानों के साथ सभी क्षेत्र इसमें ले सकते हैं भाग

तंबाकू निषेध दिवस पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन का जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर, संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने तंबाकू के उपयोग के हानिकारक और घातक प्रभावों और सेकेंड हैंड स्मोक एक्सपोजर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ किसी भी रूप में तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के फाउंडर एवं सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन, रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल, क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अनिकेत ठोके, सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण चतुर्मोहता व डॉ. दिवाकर पांडेय, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राकेश मिश्रा, रेडियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. रमेश कोठारी एवं डॉ. सतीश देवांगन, पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अविनाश तिवारी ने लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। डॉ. मेमन ने बताया कि तंबाकू के सेवन से भारत में हर साल 13 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जो प्रति दिन 3500 मौतों के बराबर है।

SANJEEVANI
CANCER CARE FOUNDATION

प्रथम पेज के शेष

कहर बरपा रही..

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को 21 जिलों में ग्रीष्म लहर चलेगी। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के कारण अब तक 10 लोगों की मौतें हो चुकी है। गुरुवार को चार और मौतें हुई थी। शुक्रवार को इसकी जानकारी सामने आई। दुर्ग जिले में लू से तीसरी मौत हुई है। पक्षियों की भी मौतें हो रही है। गरियाबंद के बाद सूरजपुर से चमगादड़ की मौत के मामले आए है। छत्तीसगढ़ में नौतपा के एक दिन पहले से शुरू भीषण गर्मी का कहर जारी है। हर दिन अधिकतम तापमान के नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। शुक्रवार को रायगढ़ सबसे ज्यादा तपा तो मुंगेली और बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहे। राजधानी रायपुर में बदली के चलते नाममात्र की गिरावट आई।

लू की चपेट में आने से मरे एक दर्जन से अधिक चमगादड़ : सूरजपुर जिले में भीषण गर्मी के असर से एक दर्जन से अधिक चमगादड़ों की मौत हो गई। इसकी पुष्टि पशु चिकित्सा विभाग ने करते हुए बताया है कि मृत चमगादड़ सुख गए थे, दुर्गंध भी उठनी शुरू हो गई थी। 28 मई को जब अधिकतम तापमान 45 डिग्री पर पहुंचा गया था उसी दिन चमगादड़ों की मौत होने का अनुमान है। 30 मई को जिला अस्पताल सूरजपुर के समीप स्थित एक आम पेड़ के नीचे 5 मृत चमगादड़ मिले थे। सूचना पर पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा मृत चमगादड़ों को जब्त कर पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पोस्ट मार्टम में लू, डिहाइड्रेशन से मौत होने की पुष्टि हुई। गरियाबंद में पिछले दिनों 20 चमगादड़ों की मौत हुई थी।

नूंह में तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस : हरियाणा और पंजाब में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से लोगों को शुक्रवार को भी कोई राहत नहीं मिली। हरियाणा के नूंह और फरीदाबाद में शुक्रवार को तापमान क्रमशः 48.2 डिग्री और 48.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

प्रचंड लू से मौतें...

शुक्रवार की दोपहर तक मणिकर्णिका घाट पर शवदाह के लिए अनवरत कतार लगी रही। गरमी बढ़ने के कारण दो दिनों में शवदाह के लिए भीड़ का दबाव अचानक बढ़ गया है। बीती रात मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाली गली में से हर दो मिनट में एक शवयात्रा गुजर रही थी। डोम राजा ओम चौधरी ने बताया कि कोरोना काल के बाद यह पहला मौका है जब अचानक शवदाह करने वालों की भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ी है।

मतदान कर्मियों पर...

उप्र के मिजार्पुर में लोकसभा चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनावकर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। जनपद सोनभद्र के मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज से शुक्रवार को चुनावकर्मियों के रवाना होते समय 11 चुनावकर्मी बीमार हो गये, जिनमें से दो की मौत हो गई। झारखंड में शुक्रवार को भीषण गर्मी एवं लू के कारण चार लोगों की मौत हो गई। प्रचंड गर्मी और बढ़ते पारे ने पश्चिम ओडिशा में भारी तबाही मचाई है। पिछले 24 घंटों में 41 लोगों की मौत हो गई है और 60 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। राउरकेला में इस दौरान 12 लोगों की मौत हुई। संबलपुर में आठ, सुंदरगढ़ में चार, बलांगीर में छह, झारसुगुड़ा में सात और पश्चिम ओडिशा के अन्य जिलों में तीन लोगों की संदिग्ध लू से मौत होने की खबर है।

पुणे कार हादसा...

हादसे के बाद कार चला रहे 17 वर्षीय किशोर के अलावा उसमें सवार तीन और लोगों के रक्त के नमूने भी एकत्र किए गए थे। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि 19 मई को जब सरकारी अस्पताल में नमूने लिए जा रहे थे, तो किशोर के माता-पिता वहां मौजूद थे, क्योंकि वहां मौजूद होना अनिवार्य है। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, एक नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी। हादसे को लेकर सामने आए नए घटनाक्रमों जिनमें ससून जनरल अस्पताल में रक्त नमूनों में कथित हेरफेर शामिल है, के बीच पुलिस नाबालिग के खिलाफ जांच करेगी। पुणे की एक अदालत ने 'पोर्श' कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के पिता और दादा को उनके चालक के कथित अपहरण एवं बंधक बनाने में भूमिका को लेकर शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और उनके पिता को पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ए.ए. पांडे की अदालत में पेश किया गया।

जांच मेडिकल कॉलेज...

वहीं दूसरी ओर अस्पताल के डीन का कहना है कि इस मामले की शिकायत आएगी तो जांच कराएंगे। जिस तरह से ये पूरा खेल चला, उससे संदेह है कि इससे पीछे एक पूरा नेटवर्क काम कर रहा है। इसमें कई और डॉक्टर और अस्पतालों के शामिल होने का भी संदेह है। वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 25 मरीजों की ओपीडी पर्ची और हमर लैब से जांच रिपोर्ट 'नवभारत' के पास पहुंची है। मेडिकल कॉलेज में शासन की सुविधाओं का लाभ लेकर दुरुपयोग करने का यह एकमात्र मामला नहीं है। मेडिकल कॉलेज के ऐसे कई चिकित्सक हैं, जिनके खुद के निजी चिकित्सालय उनके रिश्तेदारों और परिचितों के नाम से चल रहे हैं। वे मेडिकल कॉलेज में नौकरी कर वेतन तो शासन से लेते हैं, मगर इसमें वे मरीजों को छांटकर जांच आदि शासकीय राशि से कराकर ऑपरेशन खुद के अस्पताल में करते हैं।

गोरखधंधे से जुड़ा है संगठित गैंग : बताया जा रहा है कि इस रैकेट में न केवल चिकित्सक बल्कि अस्पताल के विभिन्न विभागों के कतिपय कमर्चारी और प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। इसमें सिटी स्कैन, सोनोग्रॉफी सहित सभी महंगी जांच शासकीय पैसे से कराकर रिपोर्ट निजी चिकित्सालय के माध्यम से देकर शासन को चूना लगाते हैं। इस बात की संभावना भी है कि सारी जांच मुफ्त में होने के बावजूद मरीजों के रिश्तेदारों से इसके लिए भी पैसा उगाही की गई हो।

न्यायालय कलेक्टर एवं
जिला दण्डाधिकारी रायपुर

नोटिस

क्रमांक / 125 / ब-121 / 2023-24 / 724
रायपुर, दिनांक 22 मई, 2024

प्रति,
1. मेसर्स मां शारदा वायर इंडस्ट्रीज (Borrower)
प्रो. श्री चंद्रमणि पाण्डेय व श्याम शंकर
प्लाट नं. 04 सीएसआईडीसी बरतोरी इंडस्ट्रीज एरिया तिल्दा रायपुर
2. श्रीमती नेहा तिवारी
पति कमल किशोर (Guarantor)
फ्लैट नं. 502 गैलेक्सी हाईट सीएजी आफिस के पीछे विधानसभा रोड रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ महाराष्ट्र मुख्य शाखा रायपुर ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 1,40,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, श्रीमती नेहा तिवारी के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 93,86,437.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ महाराष्ट्र मुख्य शाखा रायपुर से 1,40,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा शंकर नगर रायपुर स्थित गोल्डन सैंड्स अपार्टमेंट के ब्लाक बी में फ्लैट नं. 201 रकबा 978 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15.07.2024 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 22 मई, 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

कलेक्टर एवं
जिला दण्डाधिकारी, रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उरला

बिजली बंद की सूचना

(संचा/संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. उरला के अन्तर्गत उपसंभाग उरला के समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक रखरखाव एवं विस्तार कार्य हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र उरला से निकलने वाले विद्युत प्रवाह दिनांक 01.06.2024 दिन शनिवार को बंद रहेगा. आवश्यकता के अनुरूप समय में आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है.

क्र.	उपकेन्द्र/फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र/उपभोक्ता	दिनांक	समय
1	33/11 सबस्टेशन उरला			
	1. 11 के.व्ही. एम.पी. मेटल	सेक्टर-सी, राजेश्वरी प्लॉस्टिक, गिरजा चौक, आर्शिवाद चौक, आर.बी.एस. चौक एवं आस-पास के क्षेत्र.	01.06.2024 दिन शनिवार	सुबह 09.00 से शाम 03.00 बजे
	2. 11 के.व्ही. परफेक्ट	सी.एस.आई.डी.सी. आफिस, सुनील स्टील, हीरापोलिंग क्षेत्र, टेक्नो इण्ड, अछोली बस्ती, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अछोली एवं आस-पास के क्षेत्र.		
	3. 11 के.व्ही. गोंदवारा	सी.एस.आई.डी.सी. आफिस, विशाल ट्रांसफार्मर एवं आस-पास के क्षेत्र.		
	4. 11 के.व्ही. रुरल	मेन रोड उरला, फिल्टर प्लांट उरला, बेंदरी रोड, टण्डन कॉम्प्लेक्स, कन्हेरा रोड, राजेन्द्रनगर एवं आस-पास के क्षेत्र.		
	5. 11 के.व्ही. बंशी	मित्तल धरमकांटा, गणपति इण्ड, नियर भारत एग्रो, अम्बे स्टी, एच.पी. पेट्रोल पंप, नया रिंग रोड, तारपोलिन.		

'विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं.'

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

असुविधा के लिए खेद है

'विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचें'
'स्वहित एवं राष्ट हित में उर्जा बचाइए'

संवाद-40259

कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ. स्टे.पा.डि.कं. लिमि., उरला

न्यायालय तहसीलदार, रेंगाखारकला,
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202401080200015/अ-59
वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कबीरधाम ने पत्र क्रमांक/ 9230/ का.अ./ लो.स्वा.यां. खंड/2023 कबीरधाम, दिनांक 07.12.2023 के माध्यम से जल जल प्रदाय योजना अंतर्गत जल शोधन संयंत्र, सम्पवेल एवं स्टाफ क्वार्टर निर्माण हेतु ग्राम भिंभौरी, तहसील रेंगाखारकला जिला कबीरधाम स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 126/1 रकबा 3.00 एकड़ भूमि आबंटित किये जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) बोड़ला के माध्यम से प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है.

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ समुदाय को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 21.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया.

जारी दिनांक-
पेशी दिनांक-06.06.2024

तहसीलदार
रेंगाखारकला

kotak

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री के लिये आम सूचना

पंजीकृत कार्यालय 27BKC, C 27, G- ब्लाक, बान्द्रा कुर्ला काम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई) मुम्बई- 400051.
कार्पोरेट आफिस : कोटक इनफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं.-21, इनफिनिटी पार्क, off. W.E. हाईवे, गोरेगांव, मुम्बई-400097.
ब्रांच/क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, मुक्ता प्रयाग काम्प्लेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पीछे, पंडरी, रायपुर-492001 छ.ग.

एतद्वारा आम लोगों को तथा विशेष रूप से कर्जदार/ सहकर्जदार/ गारंटर/ गिरवीकर्ता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के पास गिरवी रखी गई नीचे विवरणित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2024 को लिया है तथा इसे "जहां है, जैसा है", "जैसा है, जो है" तथा "जो है, वहां है" के आधार पर बिक्री किये जाएंगे, हमारे ई-नीलामी सर्विस पार्टनर, मे. C-1 इंडिया प्रा.लिमि. के वेब पोर्टल यानि www.c1india.com के जरिये, अचल संपत्ति, जिसका विवरण नीचे दिये गये हैं, की बिक्री के लिये, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा आनलाइन जमा करने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं :

कर्जदार(रों)/गारंटर(र्स) /गिरवीकर्ता(ओं) का नाम	डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि	अचल संपत्तियों का विवरण	रिजर्व प्राइस	प्रतिभूति राशि जमा (EMD)	अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि
(LAP 18404293/ LAP 18404806/ LAP 18404888/ LAP 18405660 तथा कामन CRN सभी लोन एकाउंट्स- 248048440) 1) मे. **पिठालिया काम्प्लेक्स**, द्वारा इसके सभी पार्टनर्स, पता : पिठालिया काम्प्लेक्स, के.के. रोड, स्टेशन वार्ड रायपुर- 492009, छ.ग., यह भी- आफिस नं. A, B, C, D, प्रथम तल, पिठालिया काम्प्लेक्स, रायपुर, ख.नं. 88/2, 88/3, Rme वर्क्स, के.के. रोड, इंदिरा गांधी वार्ड, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छ.ग. 492001. (कर्जदार). 2) **मि. भूपेश कुमार पिठालिया**, पता- 9-391, के.के. रोड, Rme वर्क्स, फाफाडीह चौक, रायपुर 492009, छ.ग. (सहकर्जदार/पार्टनर्स). 3) **भारत कुमार पिठालिया**, पता- 9-391, के.के. रोड, Rme वर्क्स, फाफाडीह चौक रायपुर-492009, छ.ग. (सह-कर्जदार/पार्टनर्स), 4) **दमयंती पिठालिया**, पता- 9-391, के.के. रोड, Rme वर्क्स, फाफाडीह चौक, रायपुर-492009, छ.ग., (सह-कर्जदार/पार्टनर्स), 5) **कल्पना पिठालिया**, पता- 9-391, के.के. रोड, Rme वर्क्स, फाफाडीह चौक, रायपुर-492009, छ.ग. (सह-कर्जदार/पार्टनर्स), 6) **जयेश कुमार पिठालिया**, पता- 9-391, के.के. रोड, Rme वर्क्स, फाफाडीह चौक रायपुर-492009, छ.ग. (सह-कर्जदार/पार्टनर्स), 7) **हितेश पिठालिया**, पता- 9-391, के.के. रोड, Rme वर्क्स, फाफाडीह चौक, रायपुर-492009, छ.ग. (सह-कर्जदार/पार्टनर्स).	डिमांड नोटिस तिथि 31.08.2023 रु. 10,19,67,712.27/- (रुपये दस करोड़ उन्नीस लाख सड़सठ हजार सात सौ बारह एवं सताईस पैसे मात्र), दिनांक 28.08.2023 की तिथि को.	निम्न का सभी हिस्सा तथा पार्सल-कामर्शियल प्रापर्टी आफिस नं.- A, B, C, D, प्रथम तल, पिठालिया काम्प्लेक्स, रायपुर, ख.नं. 88/2, 88/3, कुल एरिया 28706 वर्गफीट, RME वर्क्स, के.के. रोड, इंदिरा गांधी वार्ड, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छ.ग.-492001, प्रापर्टी नं. A, B, C, D का विवरण : **आफिस नं.- A-** प्रथम तल, पिठालिया काम्प्लेक्स, बिल्ट-अप एरिया का माप लगभग 1551.93 वर्गफीट, सुपर बिल्ट अप एरिया 2062.85 वर्गफीट, खसरा नं. 82/2, 88/3 का हिस्सा, के.के. रोड, इंदिरा गांधी वार्ड, रायपुर, छ.ग.-492001. आफिस नं.- B- प्रथम तल, पिठालिया काम्प्लेक्स, बिल्टअप एरिया का माप- 3069 वर्गफीट सुपर बिल्ट-अप एरिया 3989.7 वर्गफीट, ख.नं. 82/2, 88/3 का हिस्सा, के.के. रोड, इंदिरा गांधी वार्ड, रायपुर, छ.ग.-492001. **आफिस नं.- C-** प्रथम तल पिठालिया काम्प्लेक्स, बिल्ट-अप एरिया का माप- 1551.93 वर्गफीट, सुपर बिल्टअप एरिया 2062.85 वर्गफीट, ख.नं. 82/2, 88/3 का हिस्सा, के.के. रोड, इंदिरा गांधी वार्ड, रायपुर, छ.ग.-492001. **आफिस नं.- D-** प्रथम तल, पिठालिया काम्प्लेक्स, बिल्टअप एरिया का माप- 2940 वर्गफीट सुपर बिल्ट-अप एरिया 3822 वर्गफीट, ख.नं. 82/2, 88/3 का हिस्सा, के.के. रोड, इंदिरा गांधी वार्ड, रायपुर, छ.ग.-492001.	रु. 18,26,220/- (रुपये अठारह लाख छब्बीस हजार दो सौ बीस मात्र).	रु. 1,82,64,222/- (रुपये एक करोड़ बियासी लाख चौसठ हजार दो सौ बाइस मात्र).	14.06.2024 11.00 बजे- 12.00 बजे नीलामी की तिथि/समय 20.06.2024 11.00 बजे से 12.00 बजे तक

बिड इंक्रीस राशि रु.10,00,000/- | प्रस्ताव ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 19 जून/2024 शाम 5.00 बजे तक

बिक्री की महत्वपूर्ण नियम व शर्तें:-

(1) नीलामी बिड कागजात के आगे की नियम एवं शर्तों के अनुसार तथा इस पर निहित प्रक्रिया के अनुसार होगी. बिड कागजातों, ई-नीलामी के लिये रखी गई सेक्यूर्ड संपत्ति तथा बिड प्रपत्र, जिसे आन लाइन जमा किये जायेंगे, के लिये बिडर्स हमारे ई- नीलामी सेवा प्रदायदाता मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. की बेवसाइट यानि https://www.bankeauctions.com के जरिये जाएं, (2) समस्त इच्छुक खरीददारों/ बिडर्स को उपर उल्लेखित वेबपोर्टल यानि https://www.bankeauctions.com पर अपने नाम का पंजीयन करना आवश्यक है तथा उपर उल्लेखित तिथि एवं समय पर ई- नीलामी में भागलेने के लिये निःशुल्क स्वयं का युजर आईडी तथा पासवर्ड बनाना आवश्यक है. (3) किसी भी तरह के पूछताछ जानकारी, सपोर्ट प्रक्रिया तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिये भावी बिडर्स मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि., हमारे ई- नीलामी सर्विस पार्टनर हरजिंदर के विभाग से, मोबाइल नं. 9626804343 व ई-मेल आईडी mpcg@c1india.com व support@bankeauctions.com पर संपर्क कर सकते हैं, (4) प्राधिकृत अधिकारी के बेहतर जानकारी व ज्ञान के अनुसार संपत्ति/यों पर कोई भी अधिभार नहीं हैं. फिर भी, इच्छुक बिडर्स, उपर उल्लेखित अनुसार या कोई अन्य तिथि व समय पूर्व नियुक्ति लेकर संपत्ति एवं इसके दस्तावेजों की जांच कर सकते हैं तथा उन्हें अपने बिड जमा करने से पहले, ई-नीलामी पर रखी गई संपत्ति का अधिभार, संपत्ति/यों का टाइटिल तथा संपत्ति को प्रभावित करने के दावे/अधिकार/देयकों के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेना चाहिए. ई-नीलामी का विज्ञापन, केएमबीएल (KMBL) के कोई भी प्रतिबद्धता या कोई भी प्रतिनिधित्व को नहीं दर्शाता/संपत्ति को समस्त मौजूदा तथा आगे के अधिभारों के साथ चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात हो, बिक्री किये जा रहे हैं. प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर कोई भी तीसरी पार्टी के दावों/अधिकारों/देयकों के लिये, किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये इच्छुक खरीदारों/बिडर्स को वेबपोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर **'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड'** के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट जो दिल्ली में देय हो के द्वारा उपर उल्लेखित अनुसार सेक्यूर्ड संपत्ति का ब्याज रहित वापसी योग्य प्रतिभूति राशि जमा (EMD) के भुगतान का विवरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पता का साक्ष्य कंपनी की स्थिति में बोर्ड रिजाल्यूशंस तथा उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार पते के साक्ष्य की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ जमा/अपलोड करना होगा. (5) अन्य सभी बिडर्स जो ई-नीलामी में सफल नहीं होंगे उनकी ईएमडी राशि को KMBL के द्वारा ई-नीलामी के बंद होने के 72 कार्य घंटे के भीतर वापस कर दिये जाएंगे. ईएमडी पर ब्याज नहीं दिये जाएंगे, (6) सफल बिडर को पैन नं. AADFP03664M पर टीडीएस (TDS) के रुप में (बिक्री से प्राप्त राशि में से) बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करना होगा तथा प्राधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस) के रुप में 1% की कटौती के बाद) ईएमडी को समायोजन करके, प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 दिनों के भीतर या जो प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा उचित समझे उसके अनुसार कोई अन्य विस्तारित समय के भीतर जमा (भुगतान) करना होगा अन्यथा प्रतिभूति राशि को जब्त कर लिया जाएगा.

कर्जदार(रों)/गिरवीकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को SARFAESI अधिनियम के नियम 6 (2), 8 (6) व 9 (1) के तहत एतद्वारा 15 दिन पूर्व वैधानिक नोटिस दी जाती है कि उपरोक्त उल्लेखित अनुसार बकाया राशि का, तिथि तक ब्याज तथा खर्चों सहित, इस नोटिस की तिथि से तीस दिनों के भीतर भुगतान करके अपने दायित्व से मुक्त हो जाएं अन्यथा सेक्यूर्ड संपत्ति की बिक्री ऊपर उल्लेखित नियमों तथा शर्तों के अनुसार कर दी जाएगी. यदि अंग्रेजी तथा स्थानीय भाषा के अखबार के बीच विक्रय सूचना के प्रकाशन में यदि कोई अंतर होता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी अखबार, स्थानीय भाषा के अखबार का स्थान ले लेगा तथा इसे ही अंतिम प्रति (final copy) माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता दूर हो जाएगी. यदि कर्जदार/गारंटर्स/गिरवीकर्ता बिक्री तिथि से पहले बैंक को पूरी बकाया राशि का भुगतान कर देते हैं तो नीलामी रोकी जा सकती है.

बिक्री की विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिये प्राधिकृत अधिकारी रविन्द्र द्विवेदी @ + 919764443818 तथा मि. अशोक मोटवानी @ 9873737351 पर बैंक के उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें.

विशेष अनुदेशः ई-नीलामी हमारे सर्विस प्रोवाइडर, मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. के द्वारा, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) के तरफ से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि को होगी, जबकि बिडर्स, रिजर्व प्राइस के ऊपर अपने पसंद के अनुसार, अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/ अपने बिड के स्थान से कोट करेंगे. इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा अन्य साज समान की जरुरतों को स्वयं बिडर्स को सुनिश्चित करना होगा. कृपया ध्यान रहे, कि इंटरनेट कनेक्टिविटी में असफलता (किसी भी कारण से, चाहे जो भी वजह हो) बिडर्स की स्वयं की जिम्मेदारी होगीतथा न तो KMBL न ही C1 इंडिया प्रा. लिमि. इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिये जिम्मेदार होगा. ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिये, बिडर्स से अनुरोध है कि वे आवश्यक प्रबंध/विकल्प की व्यवस्था जो भी जरुरत हो, कर लेवें जिससे कि इस तरह की परिस्थिति से बचा जा सके तथा ई- नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लिया जा सके. अतएव बिडर्स से अनुरोध है कि वे ऐसी विषम परिस्थिति से बचने के लिये अपने बिड कोट करने/इम्प्रुव्ह करने के लिये अंतिम समय की प्रतीक्षा न करें.

स्थानः- रायपुर (छ.ग.) दिनांकः- 01.06.2024

हस्ताक्षरित/प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड